———— : ने 17–18 फरवरी 2017 में राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक सम्मेलन, रीइमेजिनिंग साउथ एशिया : एन एक्स्प्लोरेशन इनटू द हिस्ट्री ऑफ आइडियाज में धर्मपला, कुमारस्वामी एंड महाकोश एंड द मेकिंग ऑफ सिंहला विषयों पर तीन शोध पत्र प्रस्तुत किये।

———— : ने 27 फरवरी से 1 मार्च 2017 में इतिहास और फाइन आर्ट्स विभाग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, इंडियन आर्ट एंड हेरिटेज, में अंडरस्टैंडिंग इंडियन आर्ट थ्रू कुमारस्वामी विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

शिरीन मिर्जा ने 10–12 दिसंबर 2016 में, इंडिया हेबिटाट सेंटर, दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, थिंकिंग विथ एविडेंस : सीकिंग सर्टेनटी, मेकिंग ट्रूथ में हिस्ट्री एंड द आउटकास्टः रीडिंग बॉडीली लेबर एज एविडेंस विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

शिव कुमार ने 11 मार्च 2016 में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के 125वें जन्मदिवस के स्मरणोत्सव पर डॉ. बी. आर. अम्बेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली द्वारा आयोजित पैनल डिस्कशन में दलित डिसकोर्स : लिट्रेरी नैरेटिव्स एंड क्रिटिकल चैलेंजेज में ग्राफिक नोवेल्स एंड भीमायना विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

———— : 29–30 मार्च 2017 में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर चेयर, सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल साइंसेस एंड स्कूल ऑफ सोशल साइंसेस, जेएनयू, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन, मोर्डेनिटी, नेशन एंड डेमोक्रेसी इन कंटेम्प्रेरी इंडियाः अंबेडकर्स विजन में नैरेटिव ऑफ मोर्डेनिटी एंड अंबेडकर्स विजन विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

व्याख्यान / उपलब्धियाँ

अवधेश कुमार त्रिपाठी ने 18–19 नवंबर 2016 में गोवा में एक सम्मेलन, अभिव्यक्ति में सहभागिता की।

———— : ने 24–25 फरवरी 2017 में शिवनादर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एक कार्यशाला, क्यूश्चनिंग क्रोनोलॉजीज इन साउथ एशिय पास्ट्सः ए सर्च फॉर एन अल्टरनेटिव पैडागौजी, मे सहभागिता की।

सिबिल के. विनोदन ने 13–17 फरवरी 2017 में, डेल्यूज स्टडीस इंडिया कलेक्टिव एंड टीआइएसएस, मुंबई द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, एस्थेटिक एंड द पॉलिटिकल इन कंटेम्प्रेरी इंडिया : डेल्यूजियन एक्सप्लोरेशन्स में सहभागिता की।

गुलशन बानो ने 20–26 सितंबर 2016 में सेंटर फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट इन हायर एजुकेशन द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक कार्यशाला, अकादमिक एंड क्रिएटिव राइटिंग में सहभागिता की।

मृत्युंजय त्रिपाठी ने 10 जनवरी 2017 में विश्व पुस्तक मेला, दिल्ली में मैनेजर पाण्डेय के साथ मुगल बादशाहों की कविता पर एक परिचर्चा में सहभागिता की।

–––––– : 7 अगस्त 2016 में म्यूजियम हॉल, द अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स एंड लिट्रेचर, श्रीफोर्ट इन्स्टीट्यूशनल एरिया में आयोजित एक कार्यशाला में काव्याभिव्यक्ति के नए खतरे विषय पर व्याख्यान दिया।

–––––– : 16 अगस्त 2016 में भाई वीर सिंह साहित्य सदन, दिल्ली में आयोजित एक परिचर्चा में सोफीज वर्ल्ड (जोस्टेन गार्डर) के हिन्दी अनुवाद सोफी का संसार को अनुवादकों सत्यापल गौतम, सुधीर चंद्र और अनिल भट्टी के साथ सहभागिता की।

–––––– : 31 जुलाई 2016 में जन संस्कृति मंच, वसुंधरा, गाजियाबाद, यूपी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम 'मशाल–ए–प्रेमचंद' में प्रेमचंद साहित्य में बच्चे विषय पर व्याख्यान दिया।

–––––– : 23 अगस्त 2016 में एनडीएमसी पार्क, दिल्ली में एक कल्चर–लिटरेरी ग्रुप 'हट' द्वारा आयोजित कविता पाठ कार्यक्रम में कविताओं, याद की रहगुजर, आदमी के, ख्वाबिदा का पाठ किया।

–––––– : 15–16 नवंबर 2016 में रजा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यशाला, युवा–2016 में युवा आवाज विषय पर व्याख्यान दियाया और कार्यशाला में एक सेशन भी संचालित किया।

–––––– : 8 दिसंबर 2016 को जेएनयू में आयोजित रमाशंकर विद्रोही की कविता पर चर्चा में सहभागिता की।

–––––– : 12 जनवरी 2017 को जेनयू में रविशंकर उपाध्याय स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित कविता पाठ कार्यक्रम में कविताओं, कीमोथेरेपी, गाजा में सुबह, मौत का एक दिन का पाठ प्रस्तुत किया।

प्रियंका झा ने 15 फरवरी 2017 में आइईआरबी, जेएनयू, दिल्ली द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय परामर्श समागम, आइसीएमआर ड्राफ्ट इथिकल गाइडलाइन फॉर बायोमेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च इन्वाल्विंग ह्यूमन पार्टीसिपेंट्स (रिसर्च इन सोशल साइंसेस, लॉ एंड साइंसेस) में सहभागिता की।

——— : 17–18 फरवरी 2017 को राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा आयोजित एक सम्मेलन रीइमेजिनिंग साउथ एशिया : एन एक्सप्लोरेशन इनटू द हिस्ट्री ऑफ आइडियाज में एक पैनल, पॉलिटिकल लीडरशिप इन साउथ एशिया की अध्यक्षता की।

शिरीन मिर्जा ने 10–12 दिसंबर 2016 में इंडिया हेबिटाट सेंटर, दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, थिंकिंग विथ एविडेंसः सीकिंग सर्टेनटी, मेकिंग ट्रुथ, एज ए पार्ट ऑफ द एलएएसएसएनईटी (लॉ एंड सोशल साइंसेस रिसर्च नेटवर्क) की संचालन समिति में एक पैनल, एबसेंस ऑफ एविडेंस का आयोजन किया।

वैभव ने 1 अक्तूबर 2016 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में प्रोग्रेसिव नॉवेल ऑफ भीष्म साहनी पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

——— : 8 अक्तूबर 2016 में जेएनयू, नई दिल्ली में रियलिज्म एंड लिट्रेचर विथ स्पेशल रिफरेंस टू द राइटिंग्स ऑफ शिवमूर्ति पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

——— : 15 नवंबर 2016 में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में रजा फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय–स्तर के कार्यक्रम में चौलेंजेस बिफोर लिटरेरी क्रिटिसिस्म पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

——— : 16 जनवरी 2017 में केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात में कोंटेम्प्रेरी स्टोरी राइटिंग पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

——— : 24 जनवरी 2017 में भारत भवन, भोपाल में लिट्रेचर, पॉलिटिक्स और क्रिटिसिस्म पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

——— : 27 फरवरी 2017 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में राइटिंग्स ऑफ मुक्तिबोध पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

——— : 24 मार्च 2017 में हिन्दू कॉलेज, दिल्ली में नॉवेल एंड पॉलिटिकल कौंशियसनेस पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

कार्यक्रम/गतिविधियां

कश्मीरी गेट परिसर

नॉर्थन आर्ट्स एंड कल्चर सोसाइटी, लेह ने 20 जनवरी 2017 को लद्दाखी नृत्य (जबरो नृत्य, मास्क नृत्य, द्रोपका नृत्य) प्रस्तुत किया।

प्रोफेसर रवीकान्त, सीएसडीएस, ने 20 जनवरी 2017 को इंटर–मीडिएट आशंस ऑफ साउथ एशिया पर व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

रिटायर्ड प्रोफेसर हरीश नारंग, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, ने फरवरी 2017 में लैंगवेज पॉलिसी एंड प्लानिंग इन इंडिया पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

मार्च 2017 में टीच फॉर इंडिया के मिहिव धर प्रभु के साथ एक परस्परिक शैक्षिक सत्र का आयोजन किया।

संजय जोशी फिल्म निर्माता के द्वारा 27 जनवरी 2017 को एक लघु फिल्म होली काऊ दिखाई गयी और थर्ड सिनेमा पर चर्चा भी की गयी।

छात्र सृष्टि सरावगी द्वारा 29 मार्च 2017 को एक पोस्टर प्रतियोगिता, अवर एक्शन फॉर नैक्सट जेनरेशन का आयोजन किया गया।

करमपुरा परिसर

सम्मेलन श्रंखला के भाग के रूप में, प्रोफेसर नीरा चंडोके, प्रोफेसर एच. सी. नारंग, इतिहासकार नारायनी गुप्ता, प्रोफेसर अजय नवारिया, लेखक शिवमूर्ति, लघु फिल्म निर्माता युसुफ सईद ने 2016 में विभिन्न मुद्दों पर छात्रों को संबोधित किया।

अवकाश प्राप्त प्रोफेसर प्रभात पटनाइक ने 18 नवंबर 2016 में निओलिब्रलिज्म एंड द इंडियन इकॉनोमी पर व्याख्यान दिया।

हिन्दी पखवाड़ा दिवस 14 सितंबर 2016 में छात्रों और कर्मचारियों के लिए काव्य गोष्ठी और हिन्दी कविता, निबंध लेखन और वाद–विवाद प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जयप्रकाश मेनन द्वारा 1–2 मार्च 2017 को द्विदिवसीय कार्यशाला, धन्यसंगीतम, रिफ्रेन, पेपर प्रस्तुति कार्यक्रम और एक गीत गोष्ठी का आयोजन किया गया।

क्षेत्र– निरीक्षण

एन्सिएंट सोसाइटीज, अंडरस्टैंडिंग द पास्ट, एंड अर्ली इंडिया के कोर्स के भाग के रूप में 13 नवंबर 2016 और 15 मार्च 2017 को नेशनल म्यूजियम का दौरा किया।

प्राकृतिक कृषि प्रथाओं से संबन्धित मुद्दों को समझने के लिए नोएडा में बीजोम नेचुरल एग्रीकल्चर फर्म का दौरा किया गया।

वन्यजीव संरक्षण, विकास, संधारणीयता और उपजीवन संबन्धित मुद्दों को समझने के लिए कॉर्बेट लैंडस्केप, कॉर्बेट नेशनल पार्क और सीताबनी वाइल्ड लाइफ रिजर्व का दौरा किया गया।

2.12. वोकेशनल स्टडीज स्कूल

वोकेशनल स्टडीज स्कूल विश्वविद्यालय के अधिनियम 12 ए के तहेत 13 फरवरी 2017 को औपचारिक रूप से स्थापित किया गया है। अपने विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा यह स्कूल अपने छात्रों में मौजूद कौशल और जो कौशल रोजगार के लिए उद्योगों मे जरूरी हैं, उनके बीच की दूरी को पाटने मे मददगार साबित होगा। यह ऐसे पेशेवरों का समाज बनाने की उम्मीद करता है जिनमे अपने चारों तरफ की सामाजिक दुनिया की पुख्ता समझ और जरूरी हुनर दोनों हों। यूजीसी गाइडलाइन को मानते हुए, स्कूल तीन प्रकार के वोकेशनल कार्येकर्मों को 2017–18 के शैक्षिक सत्र मे शुरू किया गया है जिनमे कई प्रवेश और निकास के विकल्प हैं जो कि सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, अड्वान्स डिप्लोमा और स्नातक की डिग्रीयां उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा भविष्य में छात्रों के कौशल विकास के लिए स्कूल कई अल्पकालिक सर्टिफिकेट कार्येकर्मों को उपलब्ध करायेगा जो की छात्रों को शैक्षिक पृष्ठभूमि के साथ साथ रोजगार के लिए जरूरी कौशल प्रदान करेगा।

बीवोक कार्यक्रम

अगले अकादमिक सत्र के लिए तीन बीवोक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने हैं–

i. टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी (टीएच)

ii. रीटेल मैनेजमेंट (आरएम)

iii. अर्ली चाइल्डहुड सेंटर मैनेजमेंट एंड एंटर्प्रेन्योरशिप (इसीसीएमइ)

उद्योग विशषज्ञों, शिक्षाविदों और संस्थाओं/संस्थानों जैसे खुदरा विक्रेता संघ, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र कौशल परिषद (टीएचएससी), बाल शिक्षा और विकास केंद्र (सीइसीइडी, ए यू डी), और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) आदि के सहयोग से पाठ्यक्रम का विकास किया गया है। कार्यक्रम का पाठ्यक्रम वर्तमान चलन और भविष्य को दिमाग में रखकर बनाया गया है ताकि हम यह सुनिश्चित कर सकें कि कार्यक्रम इसके मुख्य उद्देश्य–रोजगार और उद्यमवृत्ति/उद्यमिता के लिए क्रियाशील और प्रासंगिक है। यूजीसी के दिशानिर्देश के अनुसार आगामी कार्यक्रम में एक अनिवार्य सामान्य शिक्षा घटक होगा जिसमें पाठ्यक्रम का 40% वेटेज शामिल होगा।

3. विश्वविद्यालय के केन्द्र

3.1. सामुदायिक ज्ञान केंद्र

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में स्थित सामुदायिक ज्ञान केंद्र (सीसीके) विश्वविद्यालय आधारित अंतर्विषयक अनुसंधान केंद्र है, जो हमारी ज्ञान की विविधता को समायोजित करने में नए स्रोतों, अभ्यासों एवं संभाषण को शामिल करता है तथा इनका विस्तार करता है। इस तरह, यह मौखिक एवं सामुदायिक ज्ञान को शैक्षणिक ज्ञान की मुख्यधारा में लाने की कोशिश कर रहा है। सामुदायिक ज्ञान का एक संग्रह केंद्र भी है। यह नृजातीय तथा नृवैज्ञानिक शोधकर्ताओं से प्राप्त किये गए अभिलेखों का डिजिटल अभिलेखागार सृजित करने में लगा हुआ है। इसे सामुदायिक संगठनों के साथ–साथ स्वयं आरम्भ किया गया है।

अकादमिक दृष्टि से यह केंद्र विभिन्न संकाय एवं क्षेत्रीय सहयोगियों के माध्यम से क्षेत्र अध्ययन कार्यक्रम करता है। इसके अध्ययन का क्षेत्र काफी व्यापक है जो मौखिक इतिहास से लेकर क्षेत्र अध्ययन, प्रशासनिक कार्य, लोक गीत एवं शिल्प कला, पारिस्थितिकी एवं तकनीकी ज्ञान तक है जो पारंपरिक ज्ञान के क्षेत्र में एक नई एवं अलग दृष्टि प्रदान करता है। वर्तमान में यह केंद्र निम्नलिखित क्षेत्रों में अपनी सक्रीय भूमिका निभा रहा है :

दिल्ली नागरिक स्मृति कार्यक्रम :

दिल्ली की विरासत को समझने हेतु दिल्ली के पुराने निवासियों के अनुभवों और मौखिक श्रुतियों के संग्रह एवं प्रचार–प्रसार की इस दिर्घकालिक परियोजना के एक अंग के रूप में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

दारा शिकोह उत्सव : अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कश्मीरी गेट परिसर में मार्च–अप्रैल २०१५ में दारा शिकोह उत्सव का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत दिल्ली के दारा शिकोह भवन में ध्वनि तथा प्रकाश कार्यक्रम की व्यवस्था की गई और विशेष शोध द्वारा दारा शिकोह की जीवनी संबंधी एक दास्तान 'दर–ए–शिकोह' तैयार की गई जिसे दरवेश रंगमंच समूह द्वारा प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा दिल्ली की 18वीं–19वीं शताब्दी की संगीत कला पर व्याख्यान प्रदर्शन भी किया गया। 2016 में आयोजित दुसरे प्रदर्शनी में दिल्ली (1880–1980 ई.) की पुरानी और दुर्लभ तस्वीरों का प्रदर्शन, दिल्ली के पारंपरिक गीतों विशेष कर सिन्धी एवं पंजाबी के विवाह गीत तथा दिल्ली के संगीत घरानों के शास्त्रीय गीतों का प्रदर्शन किया गया।

दिल्ली मौखिक परियोजना : यह आइसीएसएसआर द्वारा वित्तपोषित परियोजना है जो सितम्बर 2014 में शुरू हुआ तथा सितम्बर 2016 में संपन्न हुआ। इस परियोजना के अंतर्गत दिल्ली में रहने वाले 35 से 100 वर्ष के लोगों से दिल्ली के इतिहास के बारे में 102 मौखिक कथाओं का संग्रह किया गया जिसके अंतर्गत दिल्ली के भौगोलिक, ऐतिहासिक, तथा लैंगिक पृष्ठभूमि का अध्ययन किया गया। इनमें से कुछ कथाओं को

'दिल्ली स्मृति' में प्रकाशित करने की योजना बनाई गई।

दिल्ली शहर का संग्रहालय : अम्बेडकर विश्वविद्यालय एवं अर्बन नॉलेज नेटवर्क एशिया, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज सहित अन्य संस्थाओं के साथ साझेदारी के तहत केंद्र ने अक्टूबर 2016 में दारा शिकोह भवन में दिल्ली शहर के संग्रहालय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में शहरी विरासत से संबंधित विद्वान, पेशेवर व्यक्ति तथा संग्रहालय के सदस्यों को आमंत्रित किया।

दिसंबर 2016 में जेएनयु तथा इंटेक के साथ मिलकर दिल्ली शहर की विरासत तथा शहरी सेवा पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई. फिलिपिन्स, चीन, ताइवान, सिंगापुर, थाईलैंड, इंडोनेशिया तथा नीदरलैंड्स जैसे देश के संग्रहालयों के निर्देशक तथा सदस्य इस संगोष्ठी में हिस्सा लिया। इस संगोष्ठी में दिल्ली सरकार को एक दिल्ली शहर के संग्रहालय स्थापित करने का सुझाव दिया गया जो दिल्ली सरकार एवं अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सहयोग से इसकी शुरुआत की जा सकती है। दिल्ली सरकार द्वारा चलाये जा रहे संग्रहालय निर्माण कार्यक्रम के तहत महरौली में मार्च–अप्रैल 2017 को एक संग्रहालय की प्रदर्शनी आयोजित की गई।

पूर्वोत्तर क्षेत्र

मौखिक सांस्कृतिक परंपराओं एवं सामजिक परियोजनाओं हेतु केंद्र ने पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न सामुदायिक संगठनों के साथ साझेदारी विकसित की है। इसके अंतर्गत अमूर्त पारंपरिक ज्ञान का डिजिटलीकरण, सामुदायिक दृष्टिकोण से वहां के सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर कार्यशाला आयोजित करना तथा सामुदाय आधारित शोधार्थियों को सहयोग करने हेतु कार्यक्रम चलाना शामिल है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम हैं :

हट्टन व्याख्यान : सामुदायिक ज्ञान केंद्र एवं पूर्वोत्तर मंच को कोहिमा संस्था द्वारा दिसंबर 2016 में कोहिमा में आयोजित हट्टन व्याख्यान की मेजबानी करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य विषय 'स्वदेशी ज्ञान' था तथा इसका मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर हिमालयन क्षेत्र में हुए शोध कार्यों का भंडारण था।

डिजिटल अभिलेखीकरण एवं संग्रहण कार्यक्रम :

एयूडी सांस्थानिक स्मृति परियोजना : इस परियोजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों एवं वर्तमान व पूर्व एयूडी विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा संकाय सदस्यों के साक्षात्कारों का निरंतर संचय जारी है। सितम्बर 2015 एवं सितम्बर 2016 में 'प्लेबैक' नामक पारस्परिक संवाद कार्यक्रम में इसकी प्रदर्शनी लगाई गई।

नए छात्रों के स्वागत एवं अभिविन्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर एवं इसके इतिहास की जानकारी हेतु सत्र के आरम्भ में एक परिसर चहलकदमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कई सारी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को यु ट्यूब चैनल एवं विश्वविद्यालय के डिजिटल अभिलेखागार पर साझा किया गया है।

लतिका वरदराजन एथनॉलॉजिकल अभिलेखागार : यह अभिलेखागार 1960 से 2010 तक की अवधि में परम्परागत प्रौद्योगिकियों, बुनाई एवं समुद्री यात्राओं की परम्पराओं को सम्मिलित कर रहा है। अनुसंधान सामग्री का यह संचयन लतिका वरदराजन ने दान किया है। संस्कृति मंत्रालय से वर्ष 2013–2014 में प्राप्त अनुदान द्वारा इसको लिपिबद्ध एवं संग्रहित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कार्य की संभावना को देखते हुए इसे मुम्बई स्थित वसंत जे. सेठ संस्थान से 2015–2016 में एक अनुदान प्राप्त हुआ है। यह संकलन सितम्बर 2016 से www.maritimerachives-cck.org पर उपलब्ध है।

समाज विज्ञान शोध अभिलेखागार : यह बीसवीं सदी के साहित्यिक आंकड़ों एवं शौकिया संग्रहकर्ताओं के दुर्लभ दस्तावेजों तथा छवियों का सीसीके–एसएसएल डिजिटल अभिलेखागार है। इसकी पहली दो पत्रिकाएं और डायरियां प्रगतिशील लेखक अमृत लाल नागर के चित्रों एवं अप्रकाशित टिप्पणियों तथा नसीम मिर्जा चंगेजी, पहाड़ी इमली, दिल्ली द्वारा संग्रहीत उत्तर भारत, मध्य एशिया व फारस से फारसी, संस्कृत और उर्दू दस्तावेजों एवं कलाकृतियों पर आधारित है।

हिंदी, उर्दू तथा अन्य भाषाओं के लेखकों के कार्यों को अभिलेखित करने के कार्य में साऊथ एशिया इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, टेक्सास सहयोग देने को राजी हो गया है। इस संबंध में प्रथम कार्य दिसंबर 2016 में सज्जाद जाहिर के कार्यों का अभिलेख तैयार किया गया।

दिल्ली का दैनिक जीवन चित्र अभिलेखागार : इसमें दिल्लीवासियों से प्राप्त चित्रों एवं लोक्चित्रों का संग्रहण है, जो अनुमानतः 1930 से 1980 तक के शहरी दैनिक जीवन का चित्रण करता है। इसमें विभिन्न शौकिया (लाला नारायण प्रसाद, फौजान अली अहमद) पेशेवर (जान फ्राइज तस्वीर–पत्रकार) व्यक्तियों या चित्रकारों तथा नेबरहुड फोटो स्टूडियो (निजामुद्दीन व शादीपुर) से संचयन किया गया है। इसमें दिल्लीवासियों एवं दिल्ली शहर की लगभग 2000 डिजिटल छवियाँ सम्मिलित हैं। ये सभी छवियाँ सितंबर 2016 में विश्वविद्यालय में "कैमरा दिल्ली का" नाम से तथा दिसंबर 2016 में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में प्रदर्शित किया गया।

दारा शिकोह महोत्सव

3.2. विकास प्रणाली केंद्र

विकास प्रणाली केंद्र (सीडीपी) को जुलाई 2013 में प्रबंधन मंडल द्वारा स्थापित किया गया. इसमें दो आयामों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है–पहला ग्रामीण विकास में परिवर्तनकारी सामजिक कार्य करने हेतु व्यावसायिक संचालक संवर्ग का निर्माण एवं दूसरा सहयोगी अनुसंधान प्रलेखन व पद्धति सकलन में संलग्न और विकास व्यावसायियों तथा शिक्षाविदों के बीच बातचीत के लिए एक जीवित स्थान/मंच के रूप में सीडीपी की स्थापना। सीडीपी का मुख्य उद्देश्य वर्तमान विकास कार्यक्रम में शामिल रहना, सामुदायिक कार्यक्रमों में मनोविश्लेषनात्मक संवेदनशीलता का परिचय देना और इस प्रकार ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में व्यक्तिगत, सामाजिक एवं राजनैतिक परिवर्तन में योगदान देना है।

सहकार्यता (सहयोग)

विकास अध्ययन में एम फिल कार्यक्रम के लिए एयूडी, टाटा ट्रस्ट, एनएसडीएल इ गवर्नेंस, हेल्प योर एनजीओ, रोहिणी घदिओक फाउन्डेशन एवं भारती रमोला से वित्तीय सहयोग प्राप्त होता है।

चार्ल्स स्टुअर्ट विश्वविद्यालय एवं जेआरटीटी से केंद्र ने साझेदारी की है जिसके सहयोग से विश्वविद्यालय ने 2016 में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था : ग्रामीण विकास सुधार कार्यक्रम : सहयोगात्मक एवं सह उत्पादक ज्ञान।

शोध परियोजनाएँ

ब्यासदेब दासगुप्ता, (प्रधान अन्वेषक) एवं अनूप धर (सह अन्वेषक) : "क्लास एंड कास्ट इन इण्डिया : इन नीड ऑफ ए थेओरेटिकल एंड इम्पेरिकल री–इग्जामिनेशन" विषय पर शोध करने हेतु आईसीएसएसआर द्वारा 2 वर्षों के लिए 9,000,000 का अनुदान मिला। यह शोध पूरा कर लिया गया है।

अनूप धर एवं इशिता डे : अनलॉकिंग द वैल्यू पोटेंशियल ऑफ एनटीएफपी" विषय पर शोध कार्य हेतु फोर्ड फौंडेशन द्वारा 3 वर्षों के लिए 2.84 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ।

रोहिणी घदिओक फाउन्डेशन एवं पीडब्ल्यूसी फाउन्डेशन दो शोधार्थियों भव्या चित्रांशी एवं निशांत चौधरी को शोध कार्य में मदद कर रहा है। भव्या कोंधा आदिवासी महिलाओं की समस्याओं पर "एका नारी संगठन" के साथ मिल कर कार्य कर रही है। निशांत चौधरी दिल्ली में यमुना किनारे बसे किसानों के जीवन एवं उनके विकास संबंधी विचारों पर कार्य कर रहे हैं।

प्रस्तुतियाँ

अनूप धर : आईआईसी दिल्ली में 11 दिसंबर 2016 को आयोजित चौथे एलएएसएस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्टी में "द रियल (ऑफ) मार्क्स : आदिवासी वर्ल्ड्स ऐज टॉम्बस्टोन ऑफ द इल्लिसिट" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

——— : 4 मार्च 2017 को यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो सेंटर दिल्ली में आयोजित एक संगोष्ठी में "ग्रेवल इन द शू, वर्ल्ड ऑफ द थर्ड, थर्ड वर्ल्ड एंड ग्लोबल कैपिटल लॉजिक" विषय पर अपना शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

——— : 18–19 मार्च 2017 को आईआईटी खड़गपुर में आयोजित एक कार्यशाला में "मार्क्सिजम एंड स्पिरिचुअलिटी", "कैपिटल इन द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी", "रीथिंकिंग मार्क्सिज्म" विषय पर तीन शोध पत्र प्रस्तुत किया।

अमीन इमरान ने 19–21 अप्रैल 2016 को आईआईसी, दिल्ली में आयोजित एक विचारगोष्ठी में "एक्शनिंग रिसर्च, रिसर्चिंग एक्शन : रिफ्लेक्शंस ऑन द मेथोडोलोजी ऑफ डेवलपमेंट प्रैक्टिस" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

——— : 24–27 मार्च 2017 को मौर्या होटल पटना में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "कनफ्लिक्ट सिक्युरिटी एंड गवर्नेंस : डेवलपमेंट चौलेंजेज ऑफ बिहार एंड झारखंड" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

इशिता डे ने 19–21 अप्रैल 2016 को आईआईसी, दिल्ली में आयोजित एक विचारगोष्ठी में "द फिल्ड एंड द फिल्डवर्क : हूज क्वेश्चन इज ईट एनीवे" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

——— : 20–21 दिसंबर 2016 को नेहरु मेमोरियल एंड म्यूजियम लाइब्रेरी, दिल्ली में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "एथ्नोग्राफी ऑफ फ्यूजन स्वीट्स : कैडबरी मिष्ठी कैम्पेन इन वेस्ट बंगाल" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

व्याख्यान / उपलब्धियाँ

अनूप धर ने 31 अक्टूबर 2016 को जेएनयू, दिल्ली में "द स्पिरिट ऑफ मार्क्स" विषय पर व्याख्यान दिया।

——— : अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, बंगलौर में 1 दिसंबर 2016 को "इनोवेशंस एंड चेंज इन द यूनिवर्सिटी : चौलेंजेज एंड प्रोस्पेक्ट्स" विषय पर व्याख्यान दिया।

इशिता डे ने 20–26 फरवरी 2017 को टीआईएसएस द्वारा आयोजित एक अभिविन्यास कार्यक्रम "रिसर्च मैथड्स इन माइग्रेशन स्टडीज" में कार्यक्रम संचालक की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम / गतिविधियाँ

'प्रदान' क्षेत्र संकाय के लिए केंद्र ग्रीष्मकालीन स्कूल आयोजित करता आ रहा है। 'प्रदान' के निवेदिता नारायण एवं ऋषि मीणा प्रत्येक शनिवार को इंटरनेट के माध्यम से भारत भर में एक संगोष्ठी का आयोजन करते हैं।

शोधार्थी को शोध कार्य प्रस्तुत करने से पहले शोध–पूर्व प्रस्तुति का आयोजन किया जाता है।

17–18 नवंबर 2016 को 5 एम.फिल शोधार्थियों द्वारा अपने शोध कार्य की प्रदर्शनी आयोजित की गई।

23 सितंबर 2016 को प्रणब कांति बासु ने 'नियोलिबरलिज्म : पॉलिटिकल इकोनॉमी ऑफ द सोल' विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

24 अक्टूबर 2016 को बिनायक सेन एवं इलिना सेन ने 'क्रिटिकल मेडिकल प्रैक्टिस सोशल ट्रांसफॉरमेशन एंड जेंडर' विषय पर व्याख्यान दिया।

21–24 मार्च 2017 को देबल देब ने "इकोलॉजिकल इकॉनोमिक्स एंड द प्रक्सिस ऑफ कंजर्वेशन" विषय पर एक कार्यशाला आयोजित किया।

नियोजन

केंद्र एम.फिल शोधार्थियों के लिए नियोजन सहायता प्रदान करता है। कुछ शोधार्थी आईसीएसएसआर द्वारा वित्तपोषित सीडीपी परियोजना में कार्य कर रहे हैं। कुछ शोधार्थी सेवा, राजिव गांधी महिला विकास परियोजना, राजिव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, टीएसआरडीएस, टाटा ट्रस्ट (पुणे, लखनऊ, कालाहांडी), आजाद फाउन्डेशन, हर्षा ट्रस्ट, खेमका फाउन्डेशन, टाटा स्टील सीएसआर, यूएनडीपी, रंग दे बंगलौर एवं विभिन्न सरकारी संस्थानों में विभिन्न पदों पर नियोजित हैं।

3.3. प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र

प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र (सीइसीईडी) की कल्पना एक ऐसी संस्था के रूप में की गई है जिसमें सुव्यवस्थित एवं सर्वांगीण वैचारिक ढांचे के भीतर शोध, योजना और प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं विकास क्षेत्र (ईसीईडी) का समावेश है। सीइसीईडी की सोच प्रारंभिक शिक्षा पर ध्यान देने के साथ विकास एवं सन्दर्भ की दृष्टि से समुचित एवं समावेशी ईसीईडी की सर्वांगीं शिक्षा को बढ़ावा देना है। केंद्र का लक्ष्य हर बच्चे के जीवन हेतु ईसीईडी के माध्यम से ठोस आधार के अधिकार का समर्थन एवं प्रोत्साहन करते हुए सामाजिक न्याय और समानता के राष्ट्रीय लक्ष्यों में सहयोग करना है। केंद्र शोध, क्षमता निर्माण और समर्थन से ईसीईडी में साक्ष्य आधारित गुणवत्ता के प्रोत्साहन को अपना लक्ष्य मानता है। अपनी शोध व मूल्यांकन गुणवत्ता के प्रोत्साहन क्षमता निर्माण के साथ ही साथ ईसीईडी के क्षेत्र में समर्थन एवं नेटवर्किंग के लिए सीइसीईडी ने वर्ष 2009 से विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों से सक्रियता पूर्वक धन जुटाना जारी रखा है।

सहकार्यता (सहयोग)

केंद्र ने निम्नलिखित संस्थाओं के साथ सहयोग किया है –

1. आंध्र महिला सभा, हैदराबाद
2. बर्नार्ड वान लीर फाउंडेशन, नीदरलैंड्स
3. केयर इंडिया सॉल्यूशन फॉर सस्टेनेबिल डेवलपमेंट, नई दिल्ली
4. सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन
5. चिल्ड्रेंस इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन, लंदन
6. दिशा, उड़ीसा
7. मोबाईल क्रेचेज, नई दिल्ली
8. क्षेत्रीय केंद्र : नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक को–ऑपरेशन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट, गुवाहाटी, असम
9. प्लान इंडिया
10. रिजल्टस फॉर डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, वाशिंगटन डीसी, अमेरिका
11. सर रतन टाटा ट्रस्ट, मुंबई
12. यूनिसेफ इंडिया, यूनिसेफ वेस्ट बंगाल, यूनिसेफ राजस्थान
13. येल विश्वविद्यालय, न्यू हेवन, अमेरिका

परियोजनाएँ

शोध एवं मूल्यांकन

मोनीमालिका डे, प्रधान अन्वेषक एवं प्रीती महाल्वाल, परियोजना समन्वयक : मोबाईल क्रेशेज द्वारा वित्तपोषित 'इम्पैक्ट इवैल्युएशन ऑफ द प्रोजेक्ट "सेविंग ब्रेन्स चेंजिंग माइंडसेट" (रु. 2,314,421, दो वर्षों के लिए जारी)।

मोनीमालिका डे, प्रधान अन्वेषक एवं ऋचा गुप्ता, परियोजना समन्वयक : "इफेक्ट्स ऑफ न्युट्रिशन एंड अर्ली स्टीम्युलेशन : ए स्टडी इन उड़ीसा" (येल विश्वविद्यालय द्वारा रु. 2,793,875, चार वर्षों के लिए जारी)।

सुनीता सिंह, प्रधान अन्वेषक एवं अभिश्वेता झा, परियोजना समन्वयक : बर्नार्ड वैन लियर फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित 'इवैल्युएशन ऑफ प्रेम सीबीसीडी सेंटर्स' (रु. 2,057,000, 5 महीने के लिए, परियोजना पूर्ण)।

सुनीता सिंह, प्रधान अन्वेषक एवं रेशमा वत्स, परियोजना समन्वयक : केयर इंडिया द्वारा वित्तपोषित 'ए बेसलाइन स्टडी ऑफ अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन कॉम्पोनेन्ट ऑफ अर्ली स्टार्ट : रीड इन टाइम प्रोजेक्ट इन उड़ीसा' (6 महीने के लिए रु. 212,969, परियोजना पूर्ण)।

सुनीता सिंह, प्रधान अन्वेषक एवं अनीष कुरियन, परियोजना समन्वयक : आर फॉर डी द्वारा वित्तपोषित इम्पैक्ट ऑफ द रीड टू किड्स इन्टर्वेंशन ऑन केयरगिवर्स' (रु. 3,001,725, 5 महीने के लिए जारी)।

वनिता कॉल, प्रधान अन्वेषक एवं अपराजिता भारगढ़, परियोजना समन्वयक : यूनिसेफ सीआईएफएफ द्वारा वित्तपोषित द इन्डियन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन इम्पैक्ट स्टडीः लॉन्गीट्युडनल रिसर्च स्टडी इन राजस्थान, असम एंड तेलंगाना (6 वर्षों के लिए रु. 9,027014, जारी)।

क्षमता निर्माण एवं गुणवत्ता संवर्धन

मोनीमालिका डे, प्रधान अन्वेषक एवं शिप्रा शर्मा, परियोजना समन्वयक : यूनिसेफ द्वारा वित्तपोषित "टेक्नीकल असिस्टेंट ऑन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन टू स्टेट्स : वेस्ट बंगाल एंड राजस्थान" (रु. 1,821,267, 5 वर्षों के लिए जारी)।

शिप्रा शर्मा, प्रधान अन्वेषक : प्लान इंडिया द्वारा वित्तपोषित "डेवलपमेंट ऑफ रेस्पोंसिव केयर एंड अर्ली स्टिमुलेशन फ्रेमवर्क एंड मैनुअल्स" (रु. 291,238, एक वर्ष के लिए जारी)।

शिवानी नाग, प्रधान अन्वेषक एवं अभिश्वेता झा, परियोजना समन्वयक : बीवीएलएफ/ दिशा द्वारा वित्तपोषित "कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर स्केलिंग अप मदर टंग बेस्ड मल्टीलिन्गुअल अर्लि लार्निंग एंड पेरेंट्स" (रु. 1,926,400, एक वर्ष के लिए जारी)।

सुनीता सिंह, प्रधान अन्वेषक : सर रतन टाटा ट्रस्ट द्वारा वित्तपोषित "अकेडमिक प्रोग्राम एमए एजुकेशन (प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं विकास) एवं पीजी डिप्लोमा ईसीसीई" (रु. 2000,000 समाप्त, एसईस द्वारा पुनः शुरू)।

सुनीता सिंह, प्रधान अन्वेषक एवं मिनाक्षी डोगरा, परियोजना समन्वयक : यूनिसेफ द्वारा

वित्तपोषित "डेवलपिंग अर्ली लर्निंग एंड डेवलपमेंट स्टेंडर्स फॉर चिल्ड्रेन फ्रॉम बर्थ टू एट इयर्स इन द इन्डियन कॉन्टेक्स्ट" (रु. 14,722,570, 3 वर्ष के लिए जारी)।

वनिता कौल, प्रधान अन्वेषक एवं अपराजिता भारगढ़, परियोजना समन्वयक : सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित "स्टेंडरडाइजेशन ऑफ एसेसमेंट टूल्स" (रु. 750,000, 3 वर्ष के लिए जारी)।

एडवोकेसी एवं नेटवर्किंग

सुनीता सिंह, प्रधान अन्वेषक रिंकू बोरा एवं पायल साहू, परियोजना समन्वयक : सीईसीईडी क्लियरिंग हाउस : कम्युनिकेशन विभिन्न परियोजनाओं हेतु एक वर्ष के लिए वकालत एवं सुचना बजट से वित्तपोषित, जारी।

सीईसीईडी की संचार इकाई ने परियोजना समन्वयकों के साथ मिल कर कार्य किया तथा केंद्र के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु उनकी सभी आवश्यकताओं को पूर्ण किया। पिछले वर्ष 2016–2017 की कुछ गतिविधियाँ इस प्रकार रही :–

अर्लीस्कोप वेब पोर्टल (http://eceportal.in) : यह नीति–निर्माताओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों, अनुसंधानकर्ताओं, व्यवसाइयों, माता–पिता एवं स्वयं बच्चों को ध्यान में रखते हुए आपसी विचारों के आदान–प्रदान हेतु एक महत्वपूर्ण स्थान है।

सीईसीईडी वेबसाइट (www.ceced-net) : यह वेबसाइट नियमित रूप से अपडेट की जाति है जिसके तहत परियोजनाओं, कर्मचारियों, कार्यक्रमों तथा नौकरियों के अवसर के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। सीईसीईडी के विभिन्न आंतरिक एवं बाहरी सदस्यों हेतु यह वेबसाइट एक प्रमुख भूमिका निभाता है जिसके तहत ये अध्ययन सामग्री, मुख्या संक्षेपिका, नीति संक्षेपण आदि संसाधन प्रदान करता है। इस वेबसाइट में "मेरी आवाज मेरे अल्फाज" नाम से एक नया पेज भी जोड़ा गया है। यह उन छात्रों एवं ईसीई के सदस्यों के लिए है जो अपने विचार इसीसीई के साथ साझा करना चाहते हैं।

सोशल मीडिया : सीईसीईडी सोशल मीडिया एवं अर्ली स्कोप फेसबुक पेज 6000 से अधिक अनुयायियों (फोलोअर्स) तक पहुँच चुका है। इन्हें सीईसीईडी से संबंधित सभी अपडेट नियमित रूप से प्राप्त होते हैं। हाल ही में सीईसीईडी ट्विटर हैंडल (CECED_AUD) भी सक्रिय किया गया है। सीईसीईडी यू ट्यूब पर सीईसीईडी फिल्म, विषय संबंधी प्रशिक्षण वीडियो आदि मुफ्त में देखा जा सकता है।

सीईसीईडी फिल्म : सीईसीईडी एवं एयूडी द्वारा तीन फिल्में प्रोड्यूस की गई है। इस फिल्म के निर्माण में जिन विभिन्न राज्यों एवं वित्तीय साझेदार का सहयोग रहा वे इस प्रकार हैं :

दिल्ली स्पीक्स ऑन स्कूल रेडीनेस (वॉक्स पॉप शार्ट फिल्म, 9 मिनट, 2016, इन हाउस प्रोडक्शन)।

सेवन इयर्स टूगेदर (सेलिब्रेटिंग 7 इयर्स ऑफ सीईसीईडी, लघु फिल्म, 10 मिनट, 2016, इन हाउस प्रोडक्शन)।

वी कैन (पीपल्स रूरल एजुकेशन मूवमेंट, उड़ीसा, लघु फिल्म, 8 मिनट, 2017 एक्सटर्नल प्रोडक्शन)।

प्रस्तुतियाँ

अपराजिता भारगढ़ ने 20–21 अक्टूबर 2016 को अम्बेडकर विश्वविद्यालय,दिल्ली एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में "इन्डियन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन इम्पैक्ट स्टडी" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

—————— : 15 जून 2016 को प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं विकास मंत्रालय एवं यूनिसेफ नेपाल में आयोजित एक अंतरराष्ट्रिय संगोष्ठी में "इन्डियन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन इम्पैक्ट स्टडी" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

मिनाक्षी डोगरा ने 11–13 अक्टूबर 2016 को विल्नीयास, लिथुआनिया में आयोजित एक संगोष्ठी में "अर्ली लर्निंग एंड डेवलपमेंट स्टेंडर्स : प्रोसेस एंड चौलेंजेज" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

सुनीता सिंह ने 20–21 अक्टूबर 2016 को प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र, आंबेडकर विश्वविद्यालय एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में "इन्हेंसिंग लर्निग इन्श्योरिंग फॉन्डेशन" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

—————— : 18 नवम्बर 2016 को दिल्ली विश्वविद्यालय एवं आईसीएएनसीएल ग्रुप के सहयोग से अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित एक संगोष्ठी में "अर्ली लर्निंग एंड डेवलपमेंट स्टेंडर्स इन ए पैनल बिल्डिंग रिसर्च एंड शेयरिंग प्रैक्टिसेस : सीईसीईडी एक्सपेरिएंस" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

व्याख्यान / उपलब्धियाँ

सुनीता सिंह ने 7 फरवरी 2017 को भारतीय शिक्षा कांग्रेस द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक परिचर्चा का संचालन किया।

कार्यक्रम / गतिविधियाँ

13 जुलाई 2016 को इंडिया इंटरनेश्नल सेंटर, नई दिल्ली में केयर इंडिया के सहयोग से "व्हाट वर्क्स इन गर्ल्स एजुकेशन : इश्यु एंड चौलेंजेज" विषय पर परिचर्चा आयोजित किया गया।

20–21 अक्टूबर 2016 को यूनिसेफ एवं चिल्ड्रेंस इन्वेस्टमेंट फंड के सहयोग से "इन्हान्सिंग रेडीनेस इन्श्योरिंग लर्निंग" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

"इंडियन अर्ली चाइल्डहु एजुकेशन इम्पैक्ट स्टडी" विषय पर 8 नवंबर 2016 को वारंगल (तेलंगाना) में, 21 नवम्बर 2016 को गुवाहाटी तथा 8 नवम्बर 2016 को हैदराबाद में संगोष्ठी आयोजित की गई।

22 जून 2016 को इंडिया हेबिटेट सेंटर में सुभाष चन्द्र खुंतिया, (सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साहित्य, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार), ए.के. जलालुद्दीन, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर एवं राजन बहादुर (एमडी एवं सीईओ केयर इंडिया) ने 'अर्ली लैंग्वेज एंड लिटरेसी इन इंडिया' विषय पर पोजीशन पेपर जारी किया।

20 सितम्बर एवं 7 अक्टूबर 2016 को सलाहकार समिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें 4 से 8 वर्ष के बच्चों के सम्बन्ध में "डेवलपमेंट एंड स्टेंडरडाईजेशन ऑफ टूल्स फॉर असेसमेंट ऑफ क्वालिटी ऑफ प्रोग्राम" विषय पर विचार–विमर्श किया गया।

30 नवंबर 2016 को केंद्र के 7वीं सालगिरह की खुशी मानाने एवं केंद्र की उपलब्धियों एवं योगदानों पर चर्चा करने हेतु एक विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया।

7–14 जनवरी 2017 को नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में सीईसीईडी द्वारा अपने प्रकाशन एवं फिल्मों की प्रदर्शनी आयोजित की गई।

प्रारंभिक शिक्षण विकास मानक

3.4. अंग्रेजी भाषा शिक्षा केंद्र

विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा हेतु अँग्रेजी भाषा पर पकड़ होना आज के विद्यार्थियों के लिए एक अनिवार्य जरूरत हो गयी है। नामांकन के समय विद्यार्थियों से अँग्रेजी भाषा में दक्ष होने की जितनी अपेक्षा की जाती है, अगर कोई उसे पूरा नहीं कर पाता है तो बाद में उन छात्रों को नुकसान उठाना पड़ जाता है क्योंकि अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली में विषयों को पढ़ाने का माध्यम अँग्रेजी हो गया है। इसके अतिरिक्त जब से विषयों को अर्द्ध–वार्षिक पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जाने लगा है तब से ऐसे छात्रों के लिए कठिनाइयाँ बढ़ती चली जाएँगी जो अँग्रेजी भाषा में कुशल नहीं हैं। क्योंकि एक बार अगर ये छात्र/छात्राएं पीछे हो गए तो उनके लिए पाठ को पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। छात्रों की इसी समस्या को निरंतर दूर करने हेतु अँग्रेजी भाषा शिक्षण (ईएलटी) को सक्रिय एवं समर्पित सदस्य तथा अँग्रेजी भाषा के विशषज्ञों की जरूरत है। अँग्रेजी भाषा शिक्षण की स्थापना इस कार्य की जिम्मेदारी उठाने के लिए की गई थी।

इसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्य शामिल किए जाएँगे

1. क्रेडिट आधारित विषय का प्रस्ताव जिसमें निरंतर रूप से पाठ्यक्रम नवीकरण शामिल होगा जिससे पाठ्यक्रम ठीक रहे तथा छात्रों की बदलती हुई जरूरतों को भी पूरा कर सके।
2. अन्य छात्रों/शोध छात्रों की अँग्रेजी भाषा संबंधी जरूरतों का निरंतर हल करते रहना।

केंद्र मुख्य रूप से दो लक्ष्यों को सामने ले कर चल रहा है–पहला, विश्वविद्यालय के छात्रों के अँग्रेजी संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु उनकी सहायता करना तथा दूसरा, विशेषज्ञों की सेवाओं के माध्यम से ईएलटी का विकास करना। इन उद्देश्यों को पूरा करने हेतु केंद्र निम्नलिखित बिन्दुओं को अपना लक्ष्य बनाता है–

1. स्नातक कार्यक्रम के लिए क्रेडिट तथा स्नातकोत्तर, शोधार्थियों हेतु नॉन–क्रेडिट कोर्स के व्यवस्था।
2. सेवारत एवं सेवा में आने वाले सभी शिक्षकों के लिए डिप्लोमा/स्नातक/स्नातकोत्तर/पीएचडी स्तर पर ईएलटी कोर्स की सुविधा प्रदान करना।
3. ईएलटी विशेषज्ञों की जरूरत महसूस करने वाली संस्थाओं को सलाहकारी सुविधा प्रदान करना।
4. ईएलई के अंतर्गत परियोजनाओं का परिचालन करना जैसे संस्थाओं को अँग्रेजी भाषा में मदद करने हेतु सहायता प्रदान करना।
5. संबन्धित लक्ष्य समूह/लक्ष्य दलों की भाषा संबंधी जरूरतों को पूरा करना।

कोर्स

केंद्र नियमित/अल्पकालिक/साप्ताहिक कोर्स प्रदान करने की योजना बना रहा है।

- स्नातक स्तर पर फाउंडेशन कोर्स की व्यवस्था
- जरूरत अनुसार लघु कोर्स, उदाहरनार्थ– अकादमिक लेखन, पठन–पाठन एवं मनन कौशल के सुधार हेतु एडवांस अँग्रेजी कोर्स कार्यक्रम।
- विभिन्न कार्यक्रमों/स्कूल के शिक्षकों के साथ मिल कर विद्यार्थियों को अँग्रेजी भाषा संबंधी समस्याओं का समाधान करना।
- बीए एवं एमए (अँग्रेजी) तथा एमए (शिक्षा) हेतु व्यापक तौर पर क्रेडिट कोर्स की व्यवस्था।
- एमए (शिक्षा–ईएलई) : 12 महीने अथवा 2 साल के लिए जिसमें क्रेडिट की संख्या के आधार पर डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट कोर्स कर पाठ्यक्रम समाप्त करने की सुविधा।
- एमए (शिक्षा–ईएलई–) कोर अथवा वैकल्पिक मौड्यूल पर आधारित प्रारम्भिक, द्वितीयक अथवा तृतीयक कोर्स की सुविधा।
- लघु, जरूरत अनुसार, वैयक्तिक पाठ्यक्रम अर्थात शिक्षक विकास, क्रियाशील शोध, परामर्श, शिक्षक संघ की शुरुआत, प्रशिक्षक प्रशिक्षण, व्यक्तिगत स्तर पर रुचि का विकास करना।
- पीएचडी (शिक्षा–ईएलई)
- ईएलई में सलाहकारी सुविधा की व्यवस्था भी प्रदान की जाती है।

केंद्र ने सक्रिय योजनाओं की तैयारी हेतु इस क्षेत्र के विभिन्न विशेषज्ञों के साथ मिलकर कई सलाहकार बैठकों का आयोजन किया।

3.5. एयूडी उद्भवन, नवोन्मेषन एवं उद्यमिता केन्द्र

एयूडी का उद्भवन, नवोन्मेषन एवं उद्यमिता केन्द्र (एसीआईआईई) को विश्वविद्यालय की वृहत्तर दृष्टि के अन्तर्गत एक गैर–लाभकारी समूह के रूप में स्थापित किया गया है। इसका प्राथमिक उद्देश्य सामाजिक रूप से उपयोगी कार्य में सैद्धांतिक और संकल्पनात्क शिक्षा का अनुवाद करना और समाज के उस अल्प–विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग तक पहुंचाना है, जो नए ज्ञान और समकालीन व्यवहार तक पहुंच नहीं रख सकते।

केंद्र का त्वरित प्रयास नवाचार और उद्यमिता का पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित करना और हमारे देश के सामने आने वाली कई सामाजिक समस्याओं को संबोधित करते हुए, एयूडी समुदाय के इच्छुक सदस्यों को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। एयूडी के अंतर्विषयक जगह को, विशेष रूप से व्यापार, डिजाइन, विकास कार्य, शिक्षा, पारिस्थितिकी, मानसिक स्वास्थ्य इत्यादि जैसे अनुप्रयुक्त क्षेत्रों में, एसीआईआईई को स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थान के रूप में देखा जाता है।

केंद्र अपने मूल उद्देश्यों के हिस्से के रूप में निम्नलिखित पहल करता है :

- अभिनव विचारों को आमंत्रित करना व उन्हें विकसित होने के अवसर देना और उन्हें निष्पादन योग्य व्यावसायिक उद्यमों, खास तौर पर देश के सामाजिक क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान का पता लगाने में सहयोग करना।

- उपक्रम विकास (सामाजिक) के पायलट और स्टार्ट अप चरण का समर्थन करना।

- मार्गदर्शन और एंजेल निवेशकों, उद्यमी पूँजीपतियों व अन्य सम्बंधित माध्यमों से वित्तीय संसाधनों की व्यस्था करने में सहयोग के माध्यम से तकनीकी और मनोवैज्ञानिक समर्थन का विस्तार करना।

- कार्यशालाओं, संगोष्ठियों के आयोजन और अनुभव साझा करके उद्यमिता और उससे जुड़े मुद्दों को बढ़ावा देना।

कश्मीरी गेट परिसर में केंद्र को 3000 स्क्वायर फीट विशिष्ट निर्मित भूमि आवंटित की गई है जो सभी मूलभूत सुविधाओं से लैस है और सुचारु रूप से कार्य करने हेतु यहाँ सभी उपकरण उपलब्ध हैं। यहाँ आसानी से 10–12 उद्यमियों के आवास की व्यवस्था की जा सकती है।

सहकार्यता (सहयोग)

एयूडी ने एसीआईआईई की गतिविधियों के समर्थन हेतु दिल्ली सरकार से मार्च 2016 में 1.5 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त किया है। इसके माध्यम से मूलभूत संरचना एवं मानव संसाधन में बढ़ोत्तरी की जाएगी।

केंद्र सहयोगात्मक पहल हेतु कुछ संस्थाओं जैसे एसएसई, सीआईआई, टीआईई, यूके आदि से लगातार संपर्क में है।

सम्मान

कुरियाकोस मम्कूट्टम को एयूडी में अवकाश प्राप्त प्रोफेसर के रूप में सम्मानित किया गया।

मो. शारीक राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद द्वारा आईडीसी (भारतीय डिजाइन परिषद) के सदस्य के रूप में नामित किए गए।

संगोष्ठी / सम्मेलन

केंद्र ने "सोशल एन्ट्रिप्रनियोरशिप" इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में मई 2017 को अंतरराष्ट्रीय विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम / गतिविधियाँ

केंद्र ने छात्रों को अपने उद्देश्य एवं प्रस्तावित गतिविधियों में शामिल करने हेतु अनेक कार्यशाला का आयोजन किया तथा छात्रों के साथ निरंतर संवाद की स्थिति बनाए रखी।

कैम्ब्रिज जज बिजनेस स्कूल, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के कार्यक्रम निदेशक, बेलिंदा बेल ने 19–20 अक्टूबर 2016 को "सोशल एन्ट्रिप्रनियोरशिप" विषय पर छात्रों के साथ कई मुद्दों पर बातचीत की।

एन्ट्रिप्रनियोरशिप, बिजनेस प्लान, मार्केटिंग, फाइनेंशियल मॉडलिंग आदि विषयों पर अनेक कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपने–अपने विचारों को साझा किया।

मेंटल हेल्थ, ई–वेस्ट प्रबंधन, प्राकृतिक रूप से सड़नशील पदार्थों के पुनः चक्रण सीढ़ीनुमा कृषि आदि के क्षेत्रों में चार प्रस्तावों को नवोन्मेषन हेतु संक्षिप्त सूची में डाला गया। तत्पश्चात छः विद्यार्थियों को उनके नवोन्मेष कार्यक्रम एवं परियोजनाओं के विकास हेतु केंद्र द्वारा मदद किया जा रहा है।

प्रधान सचिव, उच्च शिक्षा, दिल्ली के एनसीटी सरकार इनक्यूबेट्स, एसीआईआईई के साथ बातचीत

3.6. मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अनुसंधान केंद्र

मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अनुसंधान केंद्र (सीपीसीआर) औपचारिक रूप से जुलाई 2013 में अस्तित्व में आया। इससे पहले केंद्र के निर्माण एवं कार्य करने संबंधी विचार मानव अध्ययन स्कूल (एसएचएस) द्वारा रखा गया था। अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सदस्यों के लिए वर्ष 2011 से ही केंद्र मनोचिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करा रहा है, 2013 में जब सीपीसीआर का गठन मनोचिकित्सक एवं नैदानिक अनुसंधान केंद्र के रूप में हुआ तब इसका आधार एक मनोविश्लेषक नैदानिक विन्यास के रूप में बना जो आनुभविक दृष्टि से अवचेतन में विशवास रखता है, संबंधों के देखभाल के महत्व एवं करुणा(संवेदना) के पोषण की नैतिकता में विश्वास रखता है। केंद्र भारतीय दृष्टिकोण से मनोचिकत्सा संबंधी उपायों को अपनाने में विश्वास रखता है।

सीपीसीआर के लक्ष्य एवं उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

- अल्पतम शुल्क के साथ गुणवत्तापूर्ण मनोवैज्ञानिक सेवाएँ विकसित करना एवं उपलब्ध कराना।
- मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अध्ययन में एक गहन एम.फिल कार्यक्रम के माध्यम से मनोविश्लेषीव समाज के प्रति संवेदनशील मनोचिकित्सकों को प्रशिक्षण देना।
- अंतर–व्यक्ति परक एवं पारस्परिक रूप से परिवर्तनकारी माध्यम से समुदाय सन्दर्भों में कार्य करना।
- मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोचिकित्सा संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान, प्रकाशन एवं ज्ञान का प्रसार करना।
- मानसिक स्वास्थ्य एवं संबंधित पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के साथ ही मानविकी एवं सामजिक विज्ञान में व्यक्तिनिष्ठ मूल्यांकन व ग्रहण करने हेतु आदर्श स्थापित करना।
- मानसिक स्वास्थ्य देखभाल नीति को ध्यान में रखते हुए भारत में मनोवैज्ञानिक व मनोचिकित्सकों का संगठन तैयार करना।
- भारतीय एवं वैश्विक परिदृश्य में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए पेशेवर चिकित्सकों के लिए एक मंच तैयार करना।

केंद्र ने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस वर्ष निम्नलिखित कार्य किया है :

एहसास–मनोचिकित्सा एवं परामर्श चिकित्सालय

एयूडी में स्थित एहसास चिकित्सालय मनोवैज्ञानिक मनोचिकित्सा हेतु प्रशिक्षण, शिक्षण एवं अभ्यास स्थल के रूप में कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित यह चिकित्सालय शैक्षणिक एवं सामाजिक हाशिये की आवाजों के बीच की खाई को भरने

का कार्य करता है। विश्वविद्यालय के दृष्टि व प्रकृति के अनुसार सामजिक न्याय एवं समानता हेतु एहसास सभी सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को मुफ्त तथा मामूली शुल्क में परामर्श व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है। चिंतनशील नैदानिक कार्यों को सक्षम करने हेतु इन्हें एम.फिल के विद्यार्थियों को सौंप दिया जाता है। वे नियमित पर्यवेक्षण एवं सलाह के द्वारा उनका उपचार करते हैं।

इस वर्ष लगभग 231 मरीजों (164 महिला एवं 67 पुरुष) ने एहसास में दीर्घ व अल्प–अवधि मनोचिकित्सा का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त कई अन्य लोग परामर्श तथा निदान हेतु चिकित्सालय आये। इस वर्ष चिकित्सालय का ज्यादातर महत्वपूर्ण कार्य एयूडी के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों, दिल्ली के अन्य विश्वविद्यालय के लोगों, साथ ही साथ समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों के लिए किया गया।

सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र

सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अनुसंधान केंद्र, इक्विटी स्टडीज सेंटर एवं अमन बिरादरी की परियोजना 'हौसला' के बीच एक अनौपचारिक सहयोग से हुई, जो वयस्क बेघरों के साथ काम करता है। बेघरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को सुलझाने के लिए स्वयं सीपीसीआर की एक पहचान बनी हुई है. इस वर्ष सीपीसीआर सामुदायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में एम. फिल प्रशिक्षुओं की भागीदारी के द्वारा इस साझेदारी को और मजबूती दे रहा है।

महिलाओं के लिए शाइन शेल्टर गृह

शाइन शेल्टर गृह राज्य द्वारा अनुमोदित शरण स्थली है जो किसी कारण वश स्थाई घर ढूंढने में मुश्किलों का सामना करने वाली बेघर महिलाओं को रहने की सुविधा प्रदान करता है, इस स्थल पर महिलाओं को सौंदर्य प्रसाधिका, प्रधान रसोइया अथवा उत्कृष्ट दर्जी बनने के लिए व्यावसायिक रूप से प्रशिक्षित भी किया जाता है। इसके साथ–साथ यह महिलाओं को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इग्नू के कार्यक्रमों में नामांकन भी कराता है। इसके अलावा यह कुछ लड़कियों को शिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षित भी करता है ताकि वे संस्था के स्कूल लक्करपुर में रोजगार हासिल कर सके।

इंटर्न के लिए काम में व्यक्तिगत रूप से या छोटे समूहों में अलग–अलग प्रकाशों में अपनी कहानियों को सुनने के तरीके, भविष्य के लिए कल्पनाओं को कैसे बनाए रखा जाए, जबकि अलग–अलग जीवन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए निरंतर बातचीत शामिल थी।

किलकारी : बाल गृह

'किलकारी' एक आश्रय स्थल है जो कश्मीरी गेट पर स्थित है। यह 5 से 16 वर्ष की करीब 120 लड़कियों को आवास उपलब्ध कराती है। लड़कियों के साथ व्यक्तिगत रूप

से मनोवैज्ञानिक रूप से काम करने के साथ साथ, कर्मचारियों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों को बच्चों के उम्र के विभिन्न पड़ाव से संबन्धित जोखिम भरे व्यवहारों और मनोवैज्ञानिक चिंताओं को समझने के लिए सहायता की गई। चूँकि इन आश्रय स्थलों में जोखिम भरे व्यवहार, भटकाव, यौनिकता आदि चिंता के विषय बने रहते हैं। इसलिए एक बार इन जगहों पर सहभागियों के बीच लौट के आना बच्चों के लिए भी एक हस्तक्षेप एवं उसके निर्माण में सहायक हो सकता है।

बेघर व्यक्तियों हेतु गीता घाट आश्रय स्थल

गीता घाट दिल्ली की गलियों में रहने वाले व्यक्तियों के लिए एक आश्रय स्थल है। सीपीसीआर के मुख्य कार्यों में से एक गीता घाट आश्रय स्थल में रहने वाले लोगों के बीच अपनी उपस्थिती और सम्बन्धों को मजबूत बनाना भी है जिससे उनके बीच विश्वास एवं दोस्ती कायम की जा सके। इसमें रहने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी एवं नर्स मानसिक एवं नैदानिक उपचार हेतु मरीजों को 'एहसास' में भेजते हैं।

प्रशिक्षुओं ने यहाँ पेपर बैग बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया तथा यहाँ 2 फिल्म की प्रदर्शनी भी आयोजित की। इन लोगों को मानसिक संबल प्रदान करने तथा इनमें आत्मविश्वास निर्मित करने हेतु प्रशिक्षुओं ने 'बिया' के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया। प्रशिक्षुओं ने निकट भविष्य में 'अमन बिरादरी' के कर्मचारियों के साथ मिलकर एक और कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया जिसका मुख्य विषय अनुकूलता, नैतिकता, तनाव एवं उत्तेजना, स्वास्थ्य संबंधी सामान्य मनोवैज्ञानिक अवधारणा पर आधारित होगा।

इस दिशा में एक और कार्य की शुरुआत की जा रही है जिसके अंतर्गत इस आश्रय स्थल में रहने वाले व्यक्तियों के किस्से–कहानियों और उनकी बातों को एक अभिलेख के रूप में संरक्षित किया जाएगा। 'यमुना डायरिज' नाम से एक फेसबुक पेज भी बनाया गया है जिसके माध्यम से यमुना नदी के आस–पास बसे इलाकों के जीवन का प्रलेखन तथा संरक्षित करने की उम्मीद की जा रही है।

एमफिल मनोवैज्ञानिक चिकित्सा

एमफिल मनोवैज्ञानिक चिकित्सा, मानव अध्ययन स्कूल एवं मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अनुसंधान केंद्र (सी.पी.सी.आर) के संयुक्त प्रयास से शुरू किया गया है। यह 110 क्रेडिट का 3 वर्ष का कार्यक्रम है। यह आम एमफिल कोर्स से लंबा है क्योंकि इसमें मनोवैज्ञानिक चिकित्सा के प्रशिक्षण हेतु कड़े अभ्यास की जरूरत पड़ती है। यह कार्यक्रम तथ्यात्मक एवं अभ्यास आधारित शिक्षा को संतुलन के साथ प्रस्तुत करता है। इसके प्रशिक्षण में कई सारे आयामों जैसे नैदानिक एवं मनोचिकित्सकीय प्रशिक्षण, 'एहसास' चिकित्सालय में मनोवैश्लेषिक चिकित्सा, शिशुओं का प्रेक्षण, प्रतिक्रियात्मक तन्मयता आदि का अभ्यास कराया जाता है। अपने आस पास के समाज की समझ की जिम्मेदारी

तथा मनोचिक्त्सा के क्षेत्र में गहरे एवं पेशेवर शोध कार्य को महत्व देता है। इस प्रशिक्षण की एक मुख्य विशेषता यह भी है कि प्रशिक्षकों को मनोचिकित्सक द्वारा अपने मनोविश्लेषण के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। । सी.पी.सी.आर के मनोचिकित्सक एवं संकाय सदस्य एमफिल विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से पढ़ाने के साथ–साथ नैदानिक निरीक्षण एवं परामर्श देते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं हिमायत

सन् 2016 में केंद्र ने मानसिक स्वास्थ सुधार अधिनियम 2016 में कमी की ओर लोगों को जागरूक करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक अभियान चलाया। 8 अगस्त 2016 को राज्य सभा में यह बिल पास होने के बाद सी.पी.सी.आर ने इस बिल की कई सारी खामियों को प्रकाश में लाया जैसे कि यह अधिनियम मनोचिकित्सकों, मनोविश्लेषक एवं परामर्शदाताओं को पेशेवर मानसिक स्वास्थ कर्मचारी के रूप में आधिकारिक पहचान एवं कानूनी समर्थन देने में असफल रहा है। इन मुद्दों को विशेष रूप से चिन्हित करने हेतु केंद्र ने इससे जुड़े विशेषज्ञों के साथ कई बैठके की तथा एक ऑनलाइन याचिका भी दायर की। याचिका की कुछ प्रमुख बातें इस प्रकार हैं :

• भारतीय मनोवैज्ञानिक परिषद का गठन हो जो मनोचिकित्सकों, मनोविश्लेषक एवं परामर्शदाताओं को अच्छा प्रशिक्षण दे एवं उन्हें एक पेशेवर पहचान दे। ध्यान देने योग्य बात है कि आर.सी.आई मनोचिक्त्सा के अंदरूनी तत्वों को समझने में नाकाम रही है। आर.सी.आई पुनर्वासन से जुड़े क्षेत्र और पेशेवरों के लिए सक्रिय है। अन्य मानसिक स्वास्थकर्मियों को पहचान देने का एकमात्र अधिकार आर.सी.आई के पास नहीं होना चाहिए।

• मनोचिकित्सक की परिभाषा को विस्तृत करते हुए एन.ए.ए.सी. (नैक) द्वारा प्रमाणित एवं यूजीसी द्वारा स्वीकृत विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान अथवा मनोचिकित्सा में दो अथवा दो से अधिक वर्ष का पूर्णकालिक स्नातकोत्तर अथवा एमफिल करने वाले छात्रों को भी मनोचिकित्सक का दर्जा प्रदान किया जाना चाहिए।

• मानसिक स्वास्थकर्मियों की परिभाषा को व्यापक बनाते हुए मनोरोग चिकित्सकों को भी उसमें शामिल किया जाना चाहिए।

केंद्र यह उम्मीद करता है कि जब एमएचसीबी का गठन होगा तो ये नियम अवश्य लागू किए जाएँगे।

प्रस्तुतियाँ

आशीष रॉय ने बोस्टन विश्वविद्यालय में 29 अक्टूबर 2016 को आईएसपीएस–यूएस पंद्रहवें वार्षिक गोष्ठी में "लिमिटलेसनेस एंड फ्रेग्मेंटेशन" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

------ : आशीर्वाद केंद्र, बेंगलुरु में 26 नवंबर 2016 को आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "सेक्शुऐलिटी एंड होमलेसनेस" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

------ : मनोचिकित्सा केंद्र एवं नैदानिक शोध केंद्र तथा जापानी मनोवैश्लेषिक सभा द्वारा 6–8 जनवरी 2017 को आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय मनोवैश्लेषिक संगोष्ठी में 'इंटिमेसी एंड एलियनेशनः विटनेसिंग द मेकिंग ऑफ ए हिन्दू–मुस्लिम डायड' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

राजिन्दर सिंह ने आशीर्वाद केंद्र, बेंगलुरु में 26 नवंबर 2016 को आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 2016 में 'सेक्शुऐलिटी एंड इट्स विस्सिट्युड्स' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

शालिनी मसीह ने आशीर्वाद केंद्र, बेंगलुरु में 26 नवंबर 2016 को आयोजित एक मनोवैश्लेषिक सम्मेलन के एक सत्र में 'नो वुमन्स लैंडरूस्ट्राइविंग टू अक्युपाई द स्पेस बिटविन ट्रेडीशन एंड मॉडर्निटी' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

------ : न्यू जर्सी, यूएसए में 13–16 अक्टूबर 2016 को आयोजित एक वार्षिक सम्मेलन में 'लॉक्ड इन ए फोसिल वेटिंग टू बी टच्ड बाय ए ड्रीमः रिफ्लेक्शन्स ऑन एन इंडियन डाउटर' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम / गतिविधियाँ

मानसिक स्वास्थ्य दिवस–आवाज 2016

केंद्र एवं स्कूल ने नवंबर 2016 में 'आवाज 2016' का आयोजन किया जिसका विषय था – 'शिक्षण एवं मनोवैश्लेषिक प्राथमिक उपचार' ('पैडागौजी एंड साइकोलोजिकल फर्स्ट ऐड')। यह शिक्षण एवं अधिगम से संबन्धित अपने अनुभवों को साझा करने पर केन्द्रित था जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के परिप्रेक्ष्य में छात्रों को होने वाली मनोवैज्ञानिक परेशानियों का उपचार किया जाता है। फिल्म प्रदर्शिनी, चर्चा–परिचर्चा, नुक्कड़ नाटक, काव्य पाठ आदि कई गतिविधियों के माध्यम से यह प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया कि किस प्रकार विश्वविद्यालय को अशांति के माहौल से खुशनुमा माहौल में बदला जा सकता है, जिससे विद्यार्थियों में एक गहरी नैतिकता की भावना का विकास किया जा सकता है।

चौथे वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय मनोवैश्लेषिक सम्मेलन का आयोजन

भारतीय मनोचिक्त्सकीय सभा एवं जापानी मनोचिक्त्सकीय सभा के सहयोग से 6–8 जनवरी 2017 को चौथे वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय मनोवैश्लेषिक सम्मेलन "ड्याड्स द लाईफ साइकिल–एन इंडो–जापनीज साइकोएनलाइटिकल कन्वर्सेशन" का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय संगोष्ठी का उदघाटन एयूडी के कुलपति द्वारा किया गया। अवकाश प्राप्त प्रोफेसर एवं मनोचिकित्सक ओस्माउ किटायमा ने संगोष्ठी को संबोधित

करते हुए 'एम्बिगुइटी टोलरेंस' पर मुख्य वक्तव्य दिया। उदघाटन समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर सुधीर कक्कड एवं आईपीए के अध्यक्ष पुष्पा मिश्रा ने किया। इस कार्यक्रम में मनोविश्लेषक, मनोचिकित्सक, साहित्य के विद्वान, मानसिक स्वास्थ्य उपचार कर्मी एवं अम्बेडकर विश्वविद्यालय समुदाय बड़े उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

7 सितंबर 2016 को मनोविश्लेषक, मनोचिकित्सक, मानसिक स्वास्थ्य उपचार कर्मी आदि द्वारा मानसिक स्वास्थ्य निदान अधिनियम के ऊपर पुनर्विचार किया गया।

10 फरवरी 2017 को एडेल्फी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जैकस बारबर ने 'द स्टेटस ऑफ साइकोडाइनामिक रिसर्च' विषय पर व्याख्यान दिया।

12 जनवरी 2017 को एनपीएपी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मनोविश्लेषक स्टीवन येगरमेन ने 'टर्निंग इन साइकोएनलाइसिस' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

एनपीएपी के मनोविश्लेषक एलन रोनाल्ड ने 8,9 फरवरी 2017 को 'अंडरस्टेंडिंग ड्रिमिंग इन द क्लीनिकल कांटेक्स्ट' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रोफेसर सलमान अख्तर ने 18 फरवरी 2016 को 'मदर, फादर एंड साइकोएनलाइसिस' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रोफेसर सलमान अख्तर ने 18 फरवरी 2017 को 'ट्रांजिशनल स्पेस एंड क्रिएटिविटी' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जिस पर दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेजी के प्रोफेसर हरीश त्रिवेदी द्वारा टिप्पणी की गई।

3.7. प्रकाशन केंद्र

एयूडी में दोहरे उद्देश्यों के साथ वर्ष 2013 में प्रकाशन केंद्र (सीएफपी) शुरू किया गया, जिसका कार्य – (1) प्रकाशन शुरू करना एवं (2) प्रकाशन में शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रावधान करना है।

वर्ष 2017 में अकादमिक परिषद द्वारा इसे एक केंन्द्र के रूप में स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है।

एयूडी प्रेस

एयूडी प्रेस के नाम से अपने प्रकाशन गतिविधियों द्वारा सीएफपी सर्वोत्कृष्ट प्रणालियों और नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए विद्वतापूर्ण एवं सृजनात्मक सूचना तथा ज्ञान का सुनियोजित अधिग्रहण व प्रचार–प्रसार करने की आशा करता है। यह न केवल शिक्षक एवं शोधार्थी बल्कि समाज के एक बड़े हिस्से के लिए भी फायदेमंद होगा।

इस दिशा में पहले कदम के रूप में एयूडी ने सीएफपी हेतु एक सम्पादन समिति का गठन किया है। इसमें एयूडी के प्राध्यापक वर्ग के सदस्यों एवं सदस्य सचिव के रूप में श्री सी. साजीश कुमार को नियुक्त किया गया है। नवंबर 2014 से अब तक 12 संपादक समिति की बैठक की जा चुकी है तथा प्रेस गतिविधियों में प्रभावी सुधार तथा विकास हेतु कई जरूरी निर्णय लिए गए हैं।

पी.जी. डिप्लोमा, प्रकाशन

केंद्र एक आदर्श प्रकाशन कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है जो पारंपरिक एवं आधुनिक सभी प्रकार के प्रकाशन गतिविधियों को समायोजित कर सके जिसके अंतर्गत प्रकाशन उद्योग में विभिन्न भूमिका निभाने हेतु छात्रों को कुशल प्रशिक्षित एवं पेशेवर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए प्रकाशन उद्योग से ताल्लुक रखने वाले पेशेवर एवं विशेषज्ञ लोगों की टीम बुलाकर अभ्यास आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है। इसके अलावा छात्रों को समसामयिक विषयों पर प्रकाशन के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किया जाएगा साथ ही साथ तकनीकी रूप से दक्ष बनाने हेतु क्षेत्र अध्ययन एवं अन्य अभ्यास आधारित कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

2015–16 बैच के सभी विद्यार्थी जिसका प्रकाशन कार्यक्रम में डिप्लोमा हेतु नामांकन किया गया है, उसने 2016 में अपनी स्नातक की डिग्री पूरी कर ली। केंद्र ने 2016–17 को पी.जी. डिप्लोमा, प्रकाशन के लिए 'जीरो वर्ष' घोषित किया है। इस संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि प्रकाशन संबंधी विशेषज्ञों की सहायता से पुनः इस कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी एवं उसके बाद दुबारा पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम को लागू किया जाएगा।

व्याख्यान / गतिविधियाँ / कार्यक्रम / क्षेत्र–अध्ययन

सजीश कुमार सी. ने 2–6 मई 2016 को लोक सभा सचिवालय में ब्योरो ऑफ पार्लियामेंटरी स्ट्डीज एंड ट्रेनिंग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण 'एप्रिसिएशन कोर्स इन पार्लियामेंटरी प्रोसेस एंड प्रोसिड्युर्स' में हिस्सा लिया।

माइलस्टोन सॉफ्ट स्किल कंसल्टेंसी, नई दिल्ली की निर्देशक अल्का नंदा दास ने 5 अप्रैल 2016 को सृजनात्मक लेखन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

सेज प्रकाशन की उत्पादन संपादक श्रेया चक्रवर्ती एवं संपादक पर्यवेक्षक संगीता गुप्ता ने 8 अप्रैल 2016 को ऑनलाइन सम्पादन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

प्रथम बुक्स की निर्देशिका मनीषा चौधरी के साथ मिलकर केंद्र ने बच्चों के लिए प्रकाशित होने वाले किताबों पर परिचर्चा हेतु प्रथम बुक्स का दौरा किया। बाल साहित्य पर चर्चा हेतु 11 अप्रैल 2016 को छात्रों ने सफदरजंग इंकलेव के एक पुस्तक भंडार का भी दौरा किया।

